# <u>धोखेबाज़ों से सावधान रहें: उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट टिप्स</u>

## 1. फ़िशिंग SMS और ईमेल से बचने के स्मार्ट टिप्स

HKMA की सुपरवाइज़री ज़रूरतों के अनुसार, बैंक कभी भी ऐसे SMS या ईमेल नहीं भेजते जिनमें उपभोक्ताओं को ट्रांज़ैक्शन के लिए उनकी वेबसाइट या मोबाइल एप्लिकेशन पर ले जाने वाले एम्बेडेड हाइपरलिंक हों। न ही बैंक हाइपरलिंक के ज़रिये उपभोक्ताओं से लॉगिन पासवर्ड, OTP या कोई अन्य संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी माँगते हैं।

यदि आपको ऐसे SMS या ईमेल संदेश मिलें जिनमें एम्बेडेड हाइपरलिंक हों और आपसे इंटरनेट बैंकिंग के लॉगिन क्रेडेंशियल डालने को कहा जाए,तो ऐसे मैसेज बैंक की ओर से नहीं होते। बैंक के नाम से आए किसी भी हाइपरलिंक पर क्लिक करने से पहले दो बार सोचें। यदि SMS या ईमेल में दिए गए हाइपरलिंक (या अटैचमेंट) संदिग्ध लगें, तो उन पर क्लिक न करें (या अटैचमेंट न खोलें)। इंटरनेट बैंकिंग के लिए हमेशा बैंक की वेबसाइट का पता सीधे टाइप करके, बुकमार्क का उपयोग करके, या इंटरनेट बैंकिंग मोबाइल एप्लिकेशन (ऐप) के माध्यम से ही एक्सेस करें।

यदि कोई प्रश्न हों, तो उपभोक्ता अन्य माध्यमों से (जैसे बैंक की कस्टमर सर्विस हॉटलाइन) संबंधित बैंक से संपर्क करके SMS या ईमेल की सत्यता की पुष्टि कर सकते हैं।

इंटरनेट बैंकिंग के लॉग-इन क्रेडेंशियल, जैसे यूज़रनेम, लॉग-इन पासवर्ड और वन-टाइम पासवर्ड (OTP), डिजिटल दुनिया में उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितनी भौतिक दुनिया में घर की चाबियाँ,इसलिए इन्हें पूरी तरह सुरक्षित रखना चाहिए।

## 2. बैंकों के नाम से आने वाले फ़र्जी फ़िशिंग ई-मेल के नमूने

<u>पाँच सामान्य विशेषताएँ:</u>

1. प्राप्तकर्ता का नाम स्पष्ट रूप से नहीं लिखा होता (अर्थात अनिर्दिष्ट प्राप्तकर्ता)।

2. भेजने वाले का नाम और ई-मेल पता संबंधित बैंक की असली जानकारी से बिल्कुल मिलता-जुलता हो सकता है।
3. ई-मेल आमतौर पर बैंक की ओर से किसी महत्वपूर्ण सूचना जैसा दिखाई देता है (जैसे "ग्राहक के खाते से बड़ी राशि के फंड ट्रांसफर की सूचना" या "ग्राहक से नई सुरक्षा सुविधा सक्रिय करने का अनुरोध या फ़िर कोई विशेष बैंकिंग सेवा (जैसे फंड ट्रांसफर सेवा) निलंबित कर दी जाएगी")। ऐसे ई-मेल में ग्राहक से हाइपरलिंक पर क्लिक करने या अटैचमेंट खोलने को कहा जाता है।
4. ईमेल में आमतौर पर एक हाइपरलिंक होता है जो बैंक की असली वेबसाइट के एड्रेस जैसा दिखता है। लेकिन जब आप हाइपरलिंक पर माउस ले जाएंगे, तो आप देखेंगे कि असल में एम्बेडेड हाइपरलिंक कोई और URL है।
5. ईमेल में व्याकरण संबंधी गलतियाँ या टाइपिंग की गलतियाँ मिल सकती हैं।

दोस्ताना सलाह:

यदि ई-मेल को लेकर कोई संदेह हो, तो बैंक के आधिकारिक माध्यमों (जैसे वेबसाइट, पत्र या प्रचार सामग्री) के माध्यम से बैंक की कस्टमर सर्विस हॉटलाइन पर संपर्क करके पुष्टि करें, भले ही ई-मेल में कोई फ़ोन नंबर दिया गया हो।

हैकरर फ़िशिंग ईमेल के नीचे कुछ सुरक्षा सलाह जोड़ सकते हैं ताकि वह ज़्यादा असली लगे।

### 3. क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी से बचाव के स्मार्ट सुझाव

समय-समय पर क्रेडिट कार्ड से जुड़ी धोखाधड़ी होती रहती है, जिनमें धोखेबाज़ लगातार नए तरीके और अलग-अलग धोखेबाज़ी की चालें अपनाते हैं। इसलिए हमेशा सतर्क रहना और अपने कार्ड से संबंधित जानकारी को सुरक्षित रखना ज़रूरी है, ताकि आप क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी का शिकार न बनें। एक समझदार क्रेडिट कार्ड उपयोगकर्ता के रूप में, आपको निम्नलिखित सुझावों पर ध्यान देना चाहिए:

- अपने क्रेडिट कार्ड, कार्ड से जुड़ी जानकारी और संबंधित प्रमाणीकरण साधनों (जैसे वन-टाइम पासवर्ड, मोबाइल डिवाइस आदि) की सुरक्षा में पूरी सावधानी बरतें।

- किसी भी तीसरे पक्ष को अपने क्रेडिट कार्ड की जानकारी न दें, जिसमें कार्ड नंबर, एक्सपायरी डेट, सिक्योरिटी कोड (जो आमतौर पर कार्ड के पीछे हस्ताक्षर बॉक्स के पास छपा होता है) और वन-टाइम पासवर्ड शामिल हैं।
- किसी भी ट्रांज़ैक्शन को व्यक्तिगत और क्रेडिट कार्ड की जानकारी देकर अधिकृत करने से पहले व्यापारियों और वेबसाइटों की प्रामाणिकता की जाँच करें (जैसे हांग कांग पुलिस बल के "स्कैमीटर" के माध्यम से जोखिम स्तर/चेतावनियों की जानकारी लें), साथ ही किसी भी संदिग्ध कॉल, SMS या ई-मेल को लेकर सतर्क रहें (जैसे फ़िशिंग मैसेज अक्सर भरोसेमंद कंपनियों, व्यापारियों या बैंकों के नाम से भेजे जाते हैं, जिनके टेक्स्ट और ब्रांड लोगो बहुत मिलते-जुलते होते है, और जिनमें कार्ड धारकों को क्रेडिट कार्ड और संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी देने के लिये लुभाने वाली नकली वेबसाइटों के हाइपरलिंक दिए होते हैं)।
- SMS के माध्यम से प्राप्त वन-टाइम पासवर्ड के विवरण को ध्यान से जाँचें, जिसमें संबंधित ट्रांज़ैक्शन की जानकारी (जैसे ट्रांज़ैक्शन का प्रकार, व्यापारी का नाम,ट्रांज़ैक्शन की राशि और मुद्रा आदि) शामिल होती है, और स्मार्टफ़ोन के ऑटोफिल फ़ीचर का उपयोग करते समय भी सावधान रहें। SMS में दिए गए ट्रांज़ैक्शन विवरण की पुष्टि किए बिना कभी भी वन-टाइम पासवर्ड दर्ज कर ट्रांज़ैक्शन आगे न बढ़ाएँ। एक बार कार्ड की जानकारी (वन-टाइम पासवर्ड सहित) दर्ज हो जाने पर, ट्रांज़ैक्शन रद्द नहीं किया जा सकता और उसकी ज़िम्मेदारी ग्राहक पर आ सकती है।
- जब आप किसी क्रेडिट कार्ड को संपर्क रहित मोबाइल पेमेंट सेवा (जैसे एप्पल पे, गूगल पे) से जोड़ते हैं, तो बैंक, आपके बैंक में पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक बाइंडिंग नोटिफ़िकेशन भेजता है, जिसमें यह बताया जाता है कि क्रेडिट कार्ड किस संपर्क रहित मोबाइल पेमेंट सेवा से जोड़ा गया है। आपको इस नोटिफ़िकेशन की जाँच करनी चाहिए और यदि आपने ऐसा कोई बाइंडिंग निर्देश नहीं दिया है, तो तुरंत कार्ड जारी करने वाले बैंक को सूचित करना चाहिए। एक बार बाइंडिंग सफलतापूर्वक हो जाने के बाद,आगे के ट्रांज़ैक्शन के लिए वन-टाइम पासवर्ड की आवश्यकता नहीं भी हो सकती है।
- बैंकों की ओर से भेजे गए सभी संचार मैसेज (जैसे ई-मेल, SMS आदि) पर हमेशा ध्यान दें। समय-समय पर अपने क्रेडिट कार्ड के ट्रांजैक्शन रिकॉर्ड की जाँच करें और अपने मासिक स्टेटमेंट का

सत्यापन करें। यदि किसी भी प्रकार का संदिग्ध या अनधिकृत ट्रांजैक्शन दिखाई दे, चाहे राशि कितनी भी हो, तो तुरंत अपने कार्ड जारी करने वाले बैंक को इसकी सूचना दें।

- यदि आपका क्रेडिट कार्ड खो जाए, आपको संदेह हो कि आपका कार्ड या कार्ड से जुड़ी जानकारी चोरी हो गई है, या आपको शक हो कि आपका कार्ड किसी संदिग्ध मोबाइल डिवाइस से जोड़ा गया है, तो तुरंत अपने कार्ड जारी करने वाले बैंक और पुलिस को सूचित करें।

यदि आप अपने क्रेडिट कार्ड और उससे जुड़ी जानकारी का सही ढंग से उपयोग या सुरक्षा नहीं करते हैं, तो धोखेबाज़ इस अवसर का फायदा उठाकर धोखाधड़ी कर सकते हैं (जैसे अनधिकृत क्रेडिट कार्ड ट्रांजैक्शन करने के लिए आपके कार्ड चुराना), जिससे आपको आर्थिक नुकसान हो सकता है। संक्षेप में, क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी से बचने के लिए अपने कार्ड और कार्ड संबंधी जानकारी की सुरक्षा हमेशा सुनिश्चित करें।

## 4. फ़र्ज़ी फ़ोन कॉल और SMS मैसेज से बचाव के स्मार्ट सुझाव

जब भी आपको ऐसे फ़ोन कॉल, SMS, ई-मेल, पत्र या किसी अन्य माध्यम से संदेश प्राप्त हों जो बैंक की ओर से होने का दावा करते हों, चाहे यह कहा जाए कि आपका खाता खतरे में है, आपके क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करके ट्रांजैक्शन किए गए हैं या आप प्रमोट किए जा रहे प्रोडक्ट्स में आपकी कितनी भी रुचि क्यों न हों, आपको सतर्क रहना चाहिए और निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए:

- कॉल करने वाले या मैसेज भेजने वाले की पहचान की पुष्टि करें;
- केवल इनकमिंग कॉल डिस्प्ले पर भरोसा करके कॉल करने वाले की असली पहचान तय न करें, और न ही मैसेज में दिए गए बैंक हॉटलाइन नंबरों पर सीधे कॉल करके दिए गए निर्देशों का पालन करें; और
- अपने हितों की रक्षा के लिए संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी आसानी से साझा न करें।

HKMA या बैंक कभी भी फ़ोन कॉल, ई-मेल या SMS के माध्यम से किसी भी संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी (जिसमें लॉग-इन पासवर्ड या वन-टाइम पासवर्ड शामिल हैं) नहीं माँगते। न ही वे पहले से रिकॉर्ड किए गए वॉयस मैसेज के ज़रिये खाते में गड़बड़ी की सूचना देते हैं। आप संबंधित बैंकों के हॉटलाइन नंबर उनकी आधिकारिक वेबसाइटों पर या अपने ATM/क्रेडिट कार्ड के पीछे देख सकते हैं। इसके अतिरिक्त, हांग कांग एसोसिएशन ऑफ़ बैंक्स (Hong Kong Association of Banks) की वेबसाइट पर खुद को बैंक प्रतिनिधि बताने

वाले कॉल करने वालों की पहचान सत्यापित करने के लिए खुदरा बैंकों की हॉटलाइन नंबरों की सूची भी उपलब्ध है। बैंक की हॉटलाइन पर पहचान की पुष्टि करने के बाद, ग्राहक के लिए सबसे सुरक्षित तरीका यही है कि वह उसी बैंक के प्रतिनिधि से बैंक द्वारा दिए गए आधिकारिक फ़ोन नंबर के माध्यम से संपर्क जारी रखे।

**5. कॉल करने वालों और बैंक हॉटलाइन नंबरों की पहचान की पुष्टि**

आप संबंधित बैंकों के हॉटलाइन नंबर उनकी आधिकारिक वेबसाइटों पर या अपने ATM/क्रेडिट कार्ड के पीछे देख सकते हैं। इसके अतिरिक्त, हांग कांग एसोसिएशन ऑफ़ बैंक्स की वेबसाइट पर खुद को बैंक प्रतिनिधि बताने वाले कॉल करने वालों की पहचान सत्यापित करने के लिए खुदरा बैंकों की हॉटलाइन नंबरों की सूची भी पा सकते हैं।

**6. धोखाधड़ी मामलों से संबंधित अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न**

A. <u>क्या मुझे हांग कांग से कहीं और पैसे ट्रांसफर करने के लिए वित्तीय बीमा या ट्रांसफर शुल्क देना होता है?</u>

बेसिक लॉ के अनुच्छेद 112 के अनुसार, "हांग कांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र में किसी भी प्रकार की विदेशी मुद्रा नियंत्रण नीतियाँ लागू नहीं की जाएँगी। हांग कांग डॉलर मुफ़्त में परिवर्तनीय होगा। विदेशी मुद्रा, सोना, प्रतिभूतियाँ, फ़्यूचर्स आदि के बाज़ार जारी रहेंगे। हांग कांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र की सरकार क्षेत्र के भीतर, क्षेत्र में और क्षेत्र से बाहर पूँजी के मुक्त प्रवाह की रक्षा करेगी।" इसका अर्थ यह है कि हांग कांग में पैसे के ट्रांसफ़र पर कोई प्रतिबंध नहीं है और HKMA पैसे के ट्रांसफ़र पर किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लगाता।

B. <u>क्या आप यह पुष्टि कर सकते हैं कि जैसा कि मुझे बताया गया था कि मैंने एक लॉटरी जीती है, उसमें जीती गई राशि प्राप्त करने से पहले किसी निर्धारित बैंक खाते में अग्रिम शुल्क जमा करना होगा?</u>

हमें संदेह है कि आप किसी धोखाधड़ी के मामले का सामना कर रहे हैं। HKMA हांग कांग में बैंकिंग नियामक संस्था है और हमारा किसी भी प्रकार की लॉटरी गतिविधि से कोई संबंध नहीं है।

इसके अलावा, बेसिक लॉ के अनुच्छेद 112 के अनुसार, "हांग कांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र में किसी भी प्रकार की विदेशी मुद्रा नियंत्रण नीतियाँ लागू नहीं की जाएँगी। हांग कांग डॉलर मुफ़्त में परिवर्तनीय होगा। विदेशी मुद्रा, सोना, प्रतिभूतियाँ, फ़्यूचर्स आदि के बाज़ार जारी रहेंगे। हांग कांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र की सरकार क्षेत्र के भीतर,क्षेत्र में और क्षेत्र से बाहर पूँजी के मुक्त प्रवाह की रक्षा करेगी।" इसका अर्थ यह है कि हांग कांग में पैसे के ट्रांसफ़र पर कोई प्रतिबंध नहीं है और सरकार पैसे के ट्रांसफ़र पर किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लगाती है।

यदि आपको धोखाधड़ी की गतिविधियों का संदेह है, तो आप सीधे अपने स्थानीय पुलिस स्टेशन या हांग कांग पुलिस बल के कमर्शियल क्राइम ब्यूरो में मामले की रिपोर्ट कर सकते हैं।

C. <u>अगर मुझे संदिग्ध धोखाधड़ी वाले बैंक ई-मेल या फोन कॉल मिलते हैं, या संदिग्ध धोखाधड़ी वाली बैंक वेबसाइटें मिलती हैं तो मुझे क्या करना चाहिए?</u>

यदि आपको कोई भी संदिग्ध मैसेज प्राप्त होता है या कोई ऐसी वेबसाइट दिखाई देती है जो बैंक से संबंधित होने का दावा करती है,तो कृपया संबंधित बैंक और पुलिस (स्थानीय पुलिस स्टेशन या <u>कमर्शियल क्राइम ब्यूरो</u>) से संपर्क करके अपने मामले की रिपोर्ट करें।

**“लिंक पर क्लिक करें, ठगी का शिकार बनें!” (30-सेकंड का वीडियो) – ट्रांसक्रिप्ट**

वीडियो लिंक: https://www.youtube.com/watch?v=T1vEFnbiWh4

| **English** | | **Translation** | |
|---|---|---|---|
| Scammer: | Download the app to verify your information<br>or you will face detention | धोखेबाज़: | अपनी जानकारी की पुष्टि करने के लिए एप्लिकेशन डाउनलोड करें, अन्यथा आपको हिरासत में लिया जाएगा |
| Superimposed text: | ...Download the app to verify your information, or you will face detention... | स्क्रीन पर लिखा टेक्स्ट: | ... अपनी जानकारी की पुष्टि करने के लिए एप्लिकेशन डाउनलोड करें, अन्यथा आपको हिरासत में लिया जाएगा... |
| University student: | What? | यूनिवर्सिटी छात्र: | क्या? |
| Voice-over: | Think there’s a misunderstanding? | वॉइस-ओवर: | क्या आपको लगता है कि कोई गलतफ़हमी हो गई है? |
| Mother: | Why not find a part-time job? | माँ: | क्यों न कोई पार्ट-टाइम जॉब ढूँढें? |
| Son: | Mom! Look at this job! | बेटा: | माँ! ये नौकरी देखो! |

| | | | |
|---|---|---|---|
| Voice-over: | Think you've found a dream job? | वॉइस-ओवर: | लगता है तुम्हें ड्रीम जॉब मिल गई है? |
| Superimposed text: | ...Great jobs available.<br>Provide personal information to facilitate salary payment... | स्क्रीन पर लिखा टेक्स्ट: | ...शानदार नौकरियाँ उपलब्ध हैं।<br>वेतन भुगतान को आसान बनाने के लिए व्यक्तिगत जानकारी दें... |
| Middle-aged woman: | Sure-win investment group with insider tips and recommendations? | मध्यम आयु की महिला: | इनसाइडर टिप्स और सिफ़ारिशों के साथ श्योर-विन इन्वेस्टमेंट ग्रुप? |
| Superimposed text: | …Sure-win investment group, open your account now… | स्क्रीन पर लिखा टेक्स्ट: | ...श्योर-विन इन्वेस्टमेंट ग्रुप, अभी अपना अकाउंट खोलें... |
| Voice-over: | Think sure-win investment options are just lying around?<br>One click on the wrong link can bring disaster | वॉइस-ओवर: | क्या आपको लगता है कि श्योर-विन इन्वेस्टमेंट के मौके यूँ ही पड़े होते हैं?<br>गलत लिंक पर एक क्लिक तबाही ला सकता है |
| Superimposed text: | Please click the link to download the app<br>and provide your personal information, ID number, | स्क्रीन पर लिखा टेक्स्ट: | कृपया एप्लिकेशन डाउनलोड करने के लिए लिंक पर क्लिक करें और अपनी व्यक्तिगत जानकारी, पहचान संख्या, बैंक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | bank account login name and password<br>http://xxbank.vip/ | | खाते का लॉग-इन नाम और पासवर्ड प्रदान करें<br>http://xxbank.vip/ |
| Voice-over: | Be cautious of fake links<br>or you will regret it for life | वॉइस-ओवर: | नकली लिंक से सावधान रहें<br>वरना आपको जीवन भर पछताना पड़ सकता है |
| Son: | My money and personal information! | बेटा: | मेरा पैसा और मेरी व्यक्तिगत जानकारी! |
| Voice-over: | Click the links<br>fall for scams | वॉइस-ओवर: | लिंक पर क्लिक करें<br>ठगी का शिकार बनें |
| Superimposed text: | Click the links<br>Fall for scams | स्क्रीन पर लिखा टेक्स्ट: | लिंक पर क्लिक करें<br>ठगी का शिकार बनें |

**“धोखाधड़ी से बचने के तीन तरीके” - विंटेज कैंटोनीज़ एंटी-स्कैम वीडियो (1):**

**कानून प्रवर्तन अधिकारियों की नकल करने वालों से लड़ना**

**वीडियो लिंक**: https://www.youtube.com/watch?v=4dLS5soS0fI&t=2s

| **English** | | **Translation** | |
|---|---|---|---|
| Superimposed text: | Vintage Cantonese Anti-Scam Video (1) | स्क्रीन पर लिखा टेक्स्ट: | विंटेज कैंटोनीज़ एंटी-स्कैम वीडियो (1) |
| Leading actress: | Who's calling? | मुख्य अभिनेत्री: | कौन बोल रहा है? |
| Scammer: | I am a law enforcement officer. You have committed an offence! | धोखेबाज़: | मैं एक लॉ एनफोर्समेंट ऑफिसर हूँ। आपने एक अपराध किया है! |
| Leading actress: | How could I have committed any offence?<br><br>Don't wrong me | मुख्य अभिनेत्री: | मैं कोई अपराध कैसे कर सकती हूँ?<br><br>आपको कोई ग़लतफ़हमी हुई है। |
| Scammer: | You know it well whether you have committed an offence or not<br><br>I have issued an arrest warrant against you | धोखेबाज़: | आपको अच्छी तरह पता है कि आपने कोई अपराध किया है या नहीं<br><br>मैंने आपके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है |

| | | | |
|---|---|---|---|
| Leading actress: | What? | मुख्य अभिनेत्री: | क्या? |
| Scammer: | Cooperate and give me your bank account number and password<br>Otherwise, you will be sent to prison | धोखेबाज़: | सहयोग करें और मुझे अपना बैंक अकाउंट नंबर और पासवर्ड दें<br>नहीं तो, आपको जेल भेज दिया जाएगा |
| Leading actress: | No way!<br>My...my...<br>My account number is... | मुख्य अभिनेत्री: | बिल्कुल नहीं!<br>मेरा...मेरा...<br>मेरा अकाउंट नंबर है... |
| Male host of TV promotional video: | Scammers have many tricks; believe them and you'll be in a fix | टीवी प्रमोशनल वीडियो का मेल होस्ट: | ठगों के पास कई चालें होती हैं; उन पर भरोसा किया तो मुश्किल में पड़ जाएँगे |
| Leading actress: | Humph!<br>Needless to say<br>This person must be a scammer | मुख्य अभिनेत्री: | हूँह!<br>कहने की ज़रूरत नहीं,<br>यह व्यक्ति ज़रूर कोई धोखेबाज़ है। |
| Leading actress: | Let me apply the "Three Anti-Scam Tactics" | मुख्य अभिनेत्री: | मुझे "धोखाधड़ी से बचने के तीन तरीके" इस्तेमाल करने होंगे |

| | | | |
|---|---|---|---|
| Superimposed text: | Three Anti-Scam Tactics | स्क्रीन पर लिखा टेक्स्ट: | धोखाधड़ी से बचने के तीन तरीके |
| Leading actress: | Keep Calm | मुख्य अभिनेत्री: | शांत रहें |
| Superimposed text: | Keep Calm<br>Keep calm, don't panic | स्क्रीन पर लिखा टेक्स्ट: | शांत रहें<br>शांत रहें, घबराएँ नहीं |
| Leading actress: | Give Nothing | मुख्य अभिनेत्री: | कुछ न दें |
| Superimposed text: | Give Nothing<br>Give no personal data or money | स्क्रीन पर लिखा टेक्स्ट: | कुछ न दें<br>कोई व्यक्तिगत जानकारी या पैसे न दें |
| Leading actress: | Verify and Seek Help | मुख्य अभिनेत्री: | जाँच करें और मदद लें |
| Superimposed text: | Verify and Seek Help<br>Verify the caller's identity and seek help from others | स्क्रीन पर लिखा टेक्स्ट: | जाँच करें और मदद लें<br>कॉल करने वाले की पहचान की पुष्टि करें और दूसरों से मदद लें |
| Scammer: | You have your tactics, but I have an arrest warrant | धोखेबाज़: | तुम्हारे पास रणनीतियाँ हैं, लेकिन मेरे पास गिरफ़्तारी वारंट है |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | I am only following instructions on this<br>Hurry up and hand over your money and bank account password | | मैं तो बस इस पर लिखे निर्देशों का पालन कर रहा हूँ<br>जल्दी करो और अपना पैसा और बैंक खाते का पासवर्ड दे दो |
| Leading actress: | Ha!<br>Law enforcement officers will not request for account information<br>Your arrest warrant is fake<br>I have discerned your hoax | मुख्य अभिनेत्री: | हैं!<br>कानून लागू करने वाले अधिकारी अकाउंट की जानकारी नहीं माँगते<br>तुम्हारा गिरफ़्तारी वारंट नकली है<br>मैंने तुम्हारी चाल पहचान ली है |
| Leading actress: | Watch this! | मुख्य अभिनेत्री: | यह देखो! |
| Scammer: | Argh... | धोखेबाज़: | ओहो... |
| Superimposed text: | The End | स्क्रीन पर लिखा टेक्स्ट: | समाप्त |
| Leading actress: | No matter how old the trick is, there are always people who fall for it | मुख्य अभिनेत्री: | चाल कितनी भी पुरानी क्यों न हो, हमेशा कुछ लोग उसके झाँसे में आ ही जाते हैं। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | Remember the "Three Anti-Scam Tactics"<br>Scammers will no longer be rampant | | "धोखाधड़ी से बचने के तीन तरीके" याद रखें<br>धोखेबाज़ अब बेखौफ नहीं घूम पाएँगे |
| Superimposed text: | Remember the "Three Anti-Scam Tactics"! Scammers can no longer play tricks! | स्क्रीन पर लिखा टेक्स्ट: | "धोखाधड़ी से बचने के तीन तरीकों" को याद रखें!<br>धोखेबाज़ अब चालें नहीं चल पाएँगे! |
| Leading actress: | In addition, the HKMA has launched the "Money Safe" service<br>Just like a safe, it adds an extra layer of protection for deposits | मुख्य अभिनेत्री: | इसके अलावा, HKMA ने "मनी सेफ" सेवा शुरू की है<br>तिजोरी की तरह, यह जमा राशि के लिए सुरक्षा की एक अतिरिक्त परत जोड़ती है |
| Superimposed text: | Money Safe | स्क्रीन पर लिखा टेक्स्ट: | मनी सेफ |
| Leading actress: | Contact your bank for details now | मुख्य अभिनेत्री: | अधिक जानकारी के लिए अभी अपने बैंक से संपर्क करें |
| Superimposed text: | (Hong Kong Monetary Authority Logo) | स्क्रीन पर लिखा टेक्स्ट: | (हांग कांग मौद्रिक प्राधिकरण का लोगो) |

**“धोखाधड़ी से बचने के तीन तरीके” - विंटेज कैंटोनीज़ एंटी-स्कैम वीडियो (2):**

**डीपफेक तकनीक (एआई तकनीक से बनाए गए वीडियो/ऑडियो) का पर्दाफाश**

**वीडियो लिंक**: https://www.youtube.com/watch?v=VJvrWYZBvBw&t=5s

| **English** | | **Translation** | |
|---|---|---|---|
| Superimposed text: | Vintage Cantonese Anti-Scam Video (2) | स्क्रीन पर लिखा टेक्स्ट: | विंटेज कैंटोनीज़ एंटी-स्कैम वीडियो (2) |
| Superimposed text: | Three months ago | स्क्रीन पर लिखा टेक्स्ट: | तीन महीने पहले |
| Son: | I am leaving for the capital for business<br>Father, take good care of yourself! | बेटा: | मैं काम के सिलसिले में राजधानी जा रहा हूँ।<br>पिताजी, अपना ख़याल रखना! |
| Father: | Be careful and stay safe | पिता: | सावधान रहना और सुरक्षित रहना। |
| Fake Son: | Father! Save me! | फर्जी बेटा: | पिताजी! मुझे बचाइए! |
| Father: | Why are you so scared? | पिता: | तुम इतने घबराए हुए क्यों हो? |
| Fake Son: | I was robbed by bandits on the way to the capital | फर्जी बेटा: | राजधानी जाते समय रास्ते में डाकुओं ने मुझे लूट लिया |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | I lost all my goods and money, and I could not deliver the goods on time<br>I need to compensate the clients for their losses!<br>Transfer money to the account which I've just sent you immediately! | | मेरा सारा सामान और पैसा चला गया, और मैं समय पर सामान डिलीवर नहीं कर पाया<br>मुझे ग्राहकों के नुकसान की भरपाई करनी होगी!<br>मैंने अभी जो अकाउंट नंबर भेजा है, उस पर तुरंत पैसे ट्रांसफर कर दीजिए! |
| Father: | For my son's sake, I had no choice but to... | पिता: | अपने बेटे की खातिर, मेरे पास कोई चारा नहीं था सिवाय इसके कि... |
| Master: | Hold on<br>What is fake looks real while what is real looks fake<br>Sir<br>Let me share with you the "Three Anti-Scam Tactics"! | मास्टर: | रुकिए<br>जो नकली है वह असली लगता है जबकि जो असली है वह नकली लगता है<br>सर<br>मैं आपके साथ "धोखाधड़ी से बचने के तीन तरीके" साझा करना चाहता हूँ! |
| Superimposed text: | Three Anti-Scam Tactics | स्क्रीन पर लिखा टेक्स्ट: | धोखाधड़ी से बचने के तीन तरीके |

| | | | |
|---|---|---|---|
| Master: | Tactic One<br>Keep Calm | मास्टर: | पहला तरीका<br>शांत रहें |
| Superimposed text: | Keep Calm<br>Keep calm, don't panic | स्क्रीन पर लिखा टेक्स्ट: | शांत रहें<br>शांत रहें, घबराएँ नहीं |
| Master: | Tactic Two<br>Give Nothing | मास्टर: | दूसरा तरीका<br>कुछ न दें |
| Superimposed text: | Give Nothing<br>Give no personal data or money | स्क्रीन पर लिखा टेक्स्ट: | कुछ न दें<br>कोई भी व्यक्तिगत जानकारी या पैसा न दें |
| Master: | Tactic Three<br>Verify and Seek Help | मास्टर: | तीसरा तरीका<br>जाँच करें और मदद लें |
| Superimposed text: | Verify and Seek Help<br>Verify the caller's identity and seek help from others | स्क्रीन पर लिखा टेक्स्ट: | जाँच करें और मदद लें<br>कॉल करने वाले की पहचान की पुष्टि करें और दूसरों से मदद लें |
| Master: | Sir, remember these words | मास्टर: | सर, ये बातें याद रखें |
| Father: | Your uncle is an official working in the capital | पिता: | तुम्हारे चाचा राजधानी में एक अधिकारी हैं |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | Why not reach out to him for help? | | तुम उनसे मदद क्यों नहीं लेते? |
| Fake Son: | Uncle is overwhelmed with responsibilities and not available! | फर्जी बेटा: | चाचा ज़िम्मेदारियों में बहुत व्यस्त हैं और उपलब्ध नहीं हैं! |
| Father: | Humph!  Uncle has already retired and returned home!<br>You evil monster!<br>How dare you impersonate my beloved son using "deepfake"! | पिता: | हूँह! चाचा तो पहले ही रिटायर होकर घर लौट चुके हैं!<br>तुम धोखेबाज़!<br>तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई<br>"डीपफेक तकनीक" का इस्तेमाल करके मेरे प्यारे बेटे की नकल करने की! |
| Superimposed text: | Goodbye | स्क्रीन पर लिखा टेक्स्ट: | अलविदा |
| Master: | No matter how old the trick is, there are always people who fall for it<br>Remember the "Three Anti-Scam Tactics" | मास्टर: | चाल कितनी भी पुरानी क्यों न हो, हमेशा कुछ लोग उसके झाँसे में आ ही जाते हैं।<br>"धोखाधड़ी से बचने के तीन तरीके" याद रखें |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | Scammers will no longer be rampant | | धोखेबाज़ अब बेखौफ नहीं घूम पाएँगे |
| Superimposed text: | Remember the "Three Anti-Scam Tactics"! Scammers can no longer play tricks! | स्क्रीन पर लिखा टेक्स्ट: | "धोखाधड़ी से बचने के तीन तरीकों" को याद रखें! धोखेबाज़ अब चालें नहीं चल पाएँगे! |
| Master: | In addition, the HKMA has launched the "Money Safe" service | मास्टर: | इसके अलावा, HKMA ने "मनी सेफ" सेवा शुरू की है |
| Superimposed text: | Money Safe | स्क्रीन पर लिखा टेक्स्ट: | मनी सेफ |
| Master: | Just like a treasure box, it adds an extra layer of protection for deposits<br>Contact your bank for details now | मास्टर: | यह खज़ाने के डिब्बे की तरह है, यह जमा राशि के लिए सुरक्षा की एक अतिरिक्त परत जोड़ता है<br>अधिक जानकारी के लिए अभी अपने बैंक से संपर्क करें |
| Superimposed text: | (Hong Kong Monetary Authority Logo) | स्क्रीन पर लिखा टेक्स्ट: | (हांग कांग मौद्रिक प्राधिकरण का लोगो) |